# हरदोई, रायबरेली व बलरामपुर में 6,912 करोड़ के प्रस्ताव

## इन्वेस्टर्स समिट में अफसरों और जनप्रतिनिधियों के मध्य **निवेशकों ने** दिखाई गहरी रुचि

**4,150** करोड़ के प्रस्ताव हरदोई में आए

**1,500** करोड़ के प्रस्ताव बलरामपुर में

**1,262** करोड़ के प्रस्ताव रायबरेली में

जागरण टीम, लखनऊ : जिलों में प्रस्ताव पर प्रस्ताव आ रहे हैं। संदेश साफ है कि सरकारी प्रयास लक्ष्य साध रहा है। उद्यमियों की ललक और प्रशासनिक कवायद मील का पत्थर साबित हो रही है।

बुधवार को हरदोई, रायबरेली और बलरामपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। जहां उद्यमी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व मंत्री भी शामिल हुए। तीनों जिलों में 6,912 करोड़ रुपये के प्रस्ताव आए। हरदोई का लक्ष्य सिर्फ डेढ़ हजार करोड़ का था। वहां 4,150 करोड़ के प्रस्ताव आए। बड़ी संख्या में निवेशकों ने वर्चुअल शिरकत की। लक्ष्य के सापेक्ष प्रस्तावों की झड़ी लग गई। सिर्फ डीसीएम की ओर से लगभग 1,350 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया तो, हल्दीराम की ओर से 510 करोड़ रुपये, ग्रीन प्लाई कंपनी की ओर से 350 करोड़, ओएमसी पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 220 करोड़ व एक अन्य कंपनी की ओर से 101 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल रहे।

उधर, बलरामपुर में उद्योग विभाग को 54 उद्यमियों ने 15 सौ करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे जिले में 16 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अब तक 15 सौ करोड़ के निवेशकों ने शामिल होने की सहमति दी है। इंडियन लीड बैंक प्रबंधक ने 500 करोड़ के निवेशकों को शामिल कराने का आश्वासन दिया। रायबरेली में निवेशकों ने 1262.07 करोड़ निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। इनमें एमएसएमई के लिए मिले 750 करोड़ के सापेक्ष 66 इकाइयों से 624.32 करोड़ के प्रस्ताव भी शामिल हैं।